महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

भीष्म साहनी की 109 वीं जयंती पर विचार गोष्ठी और लघुफिल्म 'दावत' का प्रदर्शन

वर्धा, 22 अगस्त 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के हिंदी साहित्य विभाग में हिंदी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार भीष्म साहनी की 109 वीं जयंती के अवसर पर भीष्म साहनी के जीवन और साहित्य पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया| इस उपलक्ष्य में भीष्म साहनी की कहानी "चीफ की दावत" से प्रेरित शोधार्थी नीरज छिलवार और अज़हर अहमद के निर्देशन में बनी

लघु फिल्म 'दावत' का प्रदर्शन किया गया।

विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने की। प्रस्ताविक वक्तव्य साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार ने किया। इस सत्र में वक्ता के रूप में दूर शिक्षा निदेशालय के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. अमरेंद्र कुमार शर्मा, प्रदर्शनकारी कला विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पावड़े और हिंदी साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रूपेश कुमार सिंह ने भीष्म साहनी पर अपना वक्तव्य रखा| कार्यक्रम का संचालन जनसंचार विभाग के शोधार्थी गौरव चौहान ने किया|

भीष्म साहनी की चर्चित कहानी 'चीफ की दावत' से प्रेरित लघुफिल्म 'दावत' का प्रदर्शन किया गया| फिल्म के निर्माता-निर्देशक हिंदी साहित्य विभाग के शोधार्थी नीरज छिलवार ने कहानी से फिल्म बनने तक की यात्रा के संदर्भ में चर्चा की और इस तरह के साहित्य आधारित कार्यक्रम की निरन्तरता बने रहने की अपेक्षाएं की। हिंदी साहित्य के शोधार्थी अमित प्रभाकर और साहित्य के विद्यार्थी अजय और अन्य विद्यार्थियों ने कहानी से फिल्म रूपांतरण पर विचार विमर्श किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ|

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305